विधान सभा सचिवालय
मध्य पदेश
समाचार
सोलहवीं मध्य प्रदेश विधानसभा के चतुर्थ सत्र की अधिसूचना जारी

भोपाल, दिनांक 12 नवंबर,2024

मध्य प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का चतुर्थ सत्र सोमवार, दिनांक 16 दिसंबर, 2024 से आरंभ होकर शुक्रवार, 20 दिसंबर, 2024 तक चलेगा। राज्यपाल महोदय द्वारा अनुमोदित तदाशय की अधिसूचना विधानसभा सचिवालय द्वारा आज जारी कर दी गई है। विधान सभा के प्रमुख सचिव श्री ए. पी. सिंह के अनुसार इस 5 दिवसीय सत्र में सदन की कुल 5 बैठकें होंगी, जिसमें महत्वपूर्ण शासकीय कार्य संपादित किए जायेंगे।

इस हेतु विधानसभा सचिवालय में अशासकीय विधेयकों की सूचनाएं 20 नवंबर, 2024 तथा अशासकीय संकल्पों की सूचनाएं 5 दिसंबर, 2024 तक प्राप्त की जावेंगी। जबकि स्थगन प्रस्ताव, ध्यानाकर्षण, नियम 267 - क के अधीन सूचनाएं विधानसभा में 10 दिसंबर, 2024 से कार्यालय में पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक प्राप्त की जावेंगी।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का यह चतुर्थ सत्र होगा।

विस/जसं/24

नरेंद्र मिश्रा
अवर सचिव